
**जयंती** उमरिया, शहपुरा, अमरपुर, डिंडौरी सहित सभी मंडलों में उत्साह से मनाई गई पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेई की जन्म जयंती

# अंत्योदय की परिकल्पना को साकार करने वाले इकलौते नेता थे अटल जी



**नौरोजाबाद, नवभारत 26 दिसंबर।** जिले के नौरोजाबाद नगर परिषद द्वारा स्थानीय बस स्टैंड में भारत रत्न पूर्व प्रधानमंत्री स्व अटल बिहारी वाजपेई की जयंती बड़े हर्षोल्लास के साथ मनाई गई।

कार्यक्रम के मुख्य अथिति पूर्व सांसद और पूर्व मंत्री ज्ञान सिंह तथा विशिष्ट अतिथि बांधवगढ़ विधायक शिवनारायण सिंह द्वारा स्व अटल बिहारी बाजपेई के मूर्ति पर श्रद्धा सुमन अर्पित कर कार्यक्रम की शुरुआत की गई, कार्यक्रम में पधारे सभी भारतीय जनता पार्टी जेस्ट श्रेष्ट कार्यकर्ताओं द्वारा भी भारत के पूर्व प्रधानमंत्री के मूर्ति पर श्रद्धा सुमन अर्पित किए गए।

मंचीय कार्यक्रम में मुख्य अतिथि ज्ञान सिंह ने कार्यक्रम में उपस्थित सभी कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा की आज जहां यह कार्यक्रम आयोजित हो रहा है ज़ब वर्ष 1980 भारतीय जनता पार्टी का गठन हुआ था, तब मैं भी नौरोजाबाद के अपने चार साथियों के साथ उस शख्सियत के साथ मौजूद था, और उनके द्वारा समता नगर मुंबई में पार्टी के गठन के दौरान मुझे एक थैला भी प्रदान किया था, जो आज भी मेरे पास है और उसके अलावा ज़ब पार्टी का गठन हुआ था, पार्टी गठन का समाचार समाचार पत्रों में प्रकाशित हुआ था वह समाचार पत्र भी मेरे आज तक सुरक्षित है और उनकी यादों को मेरे जहन में जीवांत किए हुए है। ज़ब मुझे उनकी याद आती है तो मैं उस थैले को प्रणाम कर लेता हूं तथा उस समाचार पत्र को देख लेता हूँ,चाहे वो 13 दिन की हमारी सरकार हो अथवा 13 महीने की सरकार हो मैं दोनों सरकारो में सांसद के रूप में उनके साथ था, मैं उनको बहुत ही करीब से जानता था, वे बेहद मृदु भाषी और मिलनसार एवं ईमानदार व्यक्ति थे।

वे अंत्योदय की परिकल्पना को साकार करने वाले इकलौते नेता थे, उनके द्वारा अपने सरकार के कार्यकाल के दौरान कई योजनाओं की शुरुआत की गई थी, जिनका क्रियान्वयन आज भी धरातल में हो रहा है। कार्यक्रम के दौरान अपने पूर्व साथी जो अब इस दुनिया में नहीं है उनके परिजनों को पूर्व सांसद और पूर्व मंत्री ज्ञान सिंह द्वारा भारत रत्न पूर्व प्रधानमंत्री स्व अटल बिहारी बाजपेई के फोटो और शाल श्रीफल देकर सम्मानित किया गया, साथ ही अतिथियों द्वारा कार्यक्रम के दौरान लगभग 29 करोड़ रुपए के विकास कार्यों लोकार्पण किया गया साथ ही लगभग 6 करोड़ के विकास कार्यों का भूमिपूजन किया गया। कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि बांधवगढ़ विधायक शिवनारायण सिंह ने अपने उद्बोधन में कहा की मेरे लिए यह गौरव का विषय है की मेरे पिता जी स्व पंडित अटल बिहारी बाजपेई के साथी थे, और मैं उनकी छवि अपने पिता जी मे देखता हूँ।

### नल- जल योजना का किया गया लोकार्पण

कार्यक्रम के समापन के बाद आज भारत रत्न पूर्व प्रधानमंत्री स्व अटल विहारी बाजपेई के जन्म. जयंती पर बांधवगढ़ विधायक शिवनारायण. सिंह द्वारा फीता काटकर सिद्ध आश्रम स्थित 14 करोड़ की लागत की नल- जल योजना का लोकार्पण किया गया। इस योजना के तहत नगर परिषद के प्रत्येक वार्ड को आज से सुगमता से पानी मिल सकेगा। कार्यक्रम के अंत में मुख्य अतिथि एवं विशिष्ट अतिथि द्वारा हितलाभ योजना के स्वीकृत प्रमाण पत्र भी वितरित किए गए। कार्यक्रम में मुख्य रूप से पूर्व सांसद एवं मंत्री ज्ञान सिंह, बांधवगढ़ विधायक शिवनारायण सिंह, जिला अध्यक्ष आसुतोष अग्रवाल, मिथलेश पयासी, मनीष सिंह, अशोक तिवारी, नगर परिषद अध्यक्ष कुशल सिंह, मुख्य नगर पालिका अधिकारी शिवकरण धुर्वे, इंजिनियर शिवराम हिटपाचे, नौरोजाबाद मंडल. अध्यक्ष राजेश यादव, कोहका मंडल अध्यक्ष शिवकुमार साहू, करकेली मंडल अध्यक्ष विनोद सिंह सहित तीनों मंडलों के हजारों कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## शहपुरा में सुशासन के प्रणेता की जयंती मनाई, कार्यकर्ताओं ने अर्पित की पुष्पांजलि




**शहपुरा, नवभारत।** भारतीय जनता पार्टी मंडल शहपुरा द्वारा शहीद स्मारक में पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेयी की 101वीं जयंती हर्षोल्लास के साथ मनाई गई। 25 दिसंबर को सुशासन दिवस के रूप में मनाते हुए भाजपा कार्यकर्ताओं ने उनके तैलचित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर राष्ट्र निर्माण में उनके ऐतिहासिक योगदान को याद किया। कार्यक्रम के दौरान वक्ताओं ने अटल के व्यक्तित्व और कृतित्व पर प्रकाश डाला। इस मौके पर भजन चक्रवर्ती मंडल अध्यक्ष ने अटल जी को सहिष्णुता, संस्कार और लोकतांत्रिक मूल्यों की राजनीति का प्रतीक बताया। वहीं वरिष्ठ भाजपा नेता रामलाल रजक ने कहा कि अटल जी का जीवन राष्ट्रप्रेम और सेवा भाव का अमूल्य मार्गदर्शन है। उनके सुशासन की भावना आज भी हर कार्यकर्ता को देश सेवा के लिए प्रेरित करती है। इस मौके पर महामंत्री नितिन गुप्ता ने अटल जी के यशस्वी जीवन और राष्ट्रसेवा के संकल्पों के बारे में विस्तार से बताते हुए उनकी विरासत को आगे बढ़ाने का आह्वान किया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से मुकेश गुप्ता, अरुण अग्रवाल, अनूप गुप्ता, रामजी गुप्ता, अरविंद रजक, देवेंद्र वनवासी, राजेश गुप्ता, तुलसीदास गुप्ता, मुकेश साहू, सुरेंद्र साहू, रवि साहू, संतोष झारिया, हरिहरन रजक, राकेश अग्रवाल, प्रकाश अग्रवाल और सत्येंद्र जैन सहित सैकड़ों की संख्या में भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित रहे। सभी उपस्थित कार्यकर्ताओं ने अटल जी के बताए मार्ग पर चलने और सुशासन के संकल्प को जन-जन तक पहुंचाने की शपथ ली।

## अटल जी का व्यक्तित्व और कृतित्व अनुकरणीय : दिलीप पांडे



**नवभारत, उमरिया।** भारतीय राजनीति के अजातशत्रु और सर्व समाज के कल्याण की चिंता करते हुए अंत्योदय की परिकल्पना को सरकार करने वाले देश की राजनीति के इकलौते नेता थे अटल बिहारी वाजपेई जी। भारत में स्वर्णिम चतुर्भुज योजना के तहत गांव की सड़कों को शहर से जोड़ते हुए सड़क व्यवस्था को सुदृढ़ करने में अटल जी का महत्वपूर्ण योगदान रहा।

### एक नजर में



## डिंडोरी में स्वरोजगार मेला, 16 हितग्राही लाभांवित

**डिंडोरी, नवभारत।** जिला व्यापार एवं उद्योग केंद्र द्वारा गुरुवार को ऋस्श्वञ्जद्ब परिसर, डिंडोरी में स्वरोजगार मेले का आयोजन किया गया। मेले में प्रधानमंत्री स्वनिधि योजना के तहत 10 तथा मुख्यमंत्री उद्यम क्रांति योजना के अंतर्गत 6 हितग्राहियों को स्वरोजगार हेतु ऋण स्वीकृति पत्र वितरित किए गए। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए भाजपा जिला अध्यक्ष चमरू सिंह नेताम ने युवाओं से नौकर नहीं, बल्कि मालिक बनने की सोच विकसित करने का आह्वान किया। विधायक ओमकार मरकाम ने कहा कि जीवन कर्म पर आधारित है और रोजगार या स्वरोजगार से जुड़े रहना आवश्यक है। उन्होंने मनरेगा के माध्यम से जिले में 125 दिनों का रोजगार उपलब्ध कराने की जानकारी दी। मेले में विभिन्न विभागों के अधिकारी, जनप्रतिनिधि एवं बड़ी संख्या में हितग्राही उपस्थित रहे।




## उपभोक्ता अधिकारों एवं दायित्वों पर हुई विस्तृत चर्चा

**डिंडौरी, नवभारत।** विगत दिवस राष्ट्रीय उपभोक्ता दिवस पर ग्राहक महापंचायत डिंडौरी के तत्वावधान में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में ग्राहक महापंचायत के जिला अध्यक्ष अनिल अवधिया एवं सचिव कान्हा प्रश्नानी मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। कार्यक्रम में उपभोक्ता मामलों से जुड़े विभिन्न विभागों के अधिकारी, जनप्रतिनिधि एवं बड़ी संख्या में आम उपभोक्ता शामिल हुए। इस अवसर पर उपभोक्ता संरक्षण अधिनियम, 1986 के अंतर्गत उपभोक्ताओं को प्रदत्त अधिकारों एवं उनके दायित्वों पर विस्तृत परिचर्चा की गई। वक्ताओं द्वारा उपभोक्ताओं को गुणवत्ता, मूल्य, बिल, गारंटी, शिकायत निवारण प्रक्रिया सहित अन्य महत्वपूर्ण विषयों की जानकारी दी गई। कार्यक्रम का उद्देश्य आम उपभोक्ताओं को उनके अधिकारों के प्रति जागरूक करना तथा किसी भी प्रकार की उपभोक्ता शिकायत की स्थिति में उपलब्ध कानूनी उपायों की जानकारी प्रदान करना रहा। उपस्थित अधिकारियों ने उपभोक्ताओं से अपील की कि वे जागरूक बनें, रसीद अवश्य लें और किसी भी अनियमितता की स्थिति में संबंधित मंच पर शिकायत दर्ज कराएं।



## स्वास्थ्य केंद्र में 30 महिलाओं की सफल नसबंदी

**चिल्हारी, उमरिया।** जिले सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र अमरपुर में बीते बुधवार को विशेष महिला नसबंदी शिविर का आयोजन किया गया। डॉ बी के प्रजापति सर्जन एवं कैम्प प्रभारी डॉ शिव प्रजापति की उपस्थिति में इस शिविर में कुल 30 महिलाओं की सफलतापूर्वक नसबंदी की गई। डॉ बी के प्रजापति ने बताया कि ठंड का मौसम बढ़ने के साथ महिला नसबंदी शिविरों में महिलाओं की भागीदारी में लगातार वृद्धि हो रही है। उन्होंने स्पष्ट किया कि इस मौसम में ऑपरेशन के बाद रिकवरी बेहतर होती है, जिसके कारण महिलाएं परिवार नियोजन सेवाओं का लाभ लेने के लिए आगे आ रही हैं।



## शहद उत्पादन के लिए लोगों को करें प्रोत्साहित

**आकांक्षी विकासखंड बजाग में समीक्षा बैठक आयोजित**

**डिंडोरी ,नवभारत 24 दिसंबर।** विगत दिवस जनपद पंचायत बजाग में सामान्य सभा एवं आकांक्षी ब्लॉक समीक्षा बैठक आयोजित की गई। इसमें जनपद पंचायत बजाग अध्यक्ष फूलकली मरावी, उपाध्यक्ष राधेश्याम कुशराम, जनपद सदस्य, रामबाबू देवांगन अनुविभागीय अधिकारी राजस्व बजाग एवं सभी खंड स्तरीय, विभागीय अधिकारी उपस्थित रहे।

बैठक में मनरेगा का नाम परिवर्तन कर ग्रामीण भारत जी राम जी के बारे में बताया गया। एक बगिया मां के नाम अभियान की समीक्षा, शहद उत्पादन के लिए लोगों को प्रोत्साहित करने के लिए जनपद सदस्यों से आग्रह किया गया। खेत तालाब के हितग्राहियों को होने वाले लाभों की चर्चा की गई, जिसमें सब्जी उत्पादन, मत्स्य पालन, और कृषि के लाभ संबंधी चर्चा की गई।

**निर्माणाधीन आंगनबाड़ी केंद्र की गुणवत्ता पर चर्चा की गई**-महिला बाल विकास विभाग की समीक्षा की गई, जिसमें तरच, पिपरिया में निर्माणाधीन आंगनबाड़ी केंद्र की समीक्षा, एनीमिया की जागरूकता तथा उसकी जागरूकता हेतु स्वास्थ्य विभाग द्वारा किए जा रहे प्रयास, नवीन सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र एवं प्रस्तावित जनपद पंचायत भवन की गुणवत्ता की समीक्षा अध्यक्ष द्वारा की गई।

**योजनाओं को प्रभावी ढंग से लागू करें**-आकांक्षी ब्लॉक प्रोग्राम के अंतर्गत सभी विभागों एवं सभी इंडिकेटरों प्रमुख रूप से स्वास्थ्य एवं महिला बाल विकास की समीक्षा की गई। मुख्य कार्यपालन अधिकारी ने कहा कि इन योजनाओं का उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्रों में विकास और लोगों के जीवन में सुधार लाना है। उन्होंने अधिकारियों और कर्मचारियों से अपील की कि वे इन योजनाओं को प्रभावी ढंग से लागू करने के लिए काम करें।

## गणित जीवन के प्रत्येक क्षेत्र में उपयोगी : प्राचार्य

**राष्ट्रीय गणित दिवस पर कार्यक्रम आयोजित, रामानुजन को किया नमन**



**शहपुरा नवभारत 25 दिसंबर।** एकीकृत शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय शहपुरा में महान गणितज्ञ श्रीनिवास रामानुजन की जयंती के अवसर पर राष्ट्रीय गणित दिवस 2025 के उपलक्ष्य में दो दिवसीय कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों में गणित के प्रति रुचि, तर्कशक्ति, सृजनात्मकता एवं नवाचार को विकसित करना रहा। कार्यक्रम का शुभारंभ रामानुजन के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलन के साथ किया गया। प्रथम दिवस कार्यक्रम की अध्यक्षता विद्यालय के प्राचार्य एसके सोनी ने की। इस अवसर पर विशिष्ट अतिथि एवं मार्गदर्शक के रूप में सेवानिवृत्त प्रधान पाठक आरएस गुरुदेव तथा सेवानिवृत्त प्राचार्य डीके व्यवहार उपस्थित रहे।

**चित्रकला व निबंध स्पर्धा आयोजित**-संस्था के प्राचार्य संदीप सोनी ने गणित को सरल, रोचक एवं व्यावहारिक रूप में प्रस्तुत करते हुए रामानुजन के जीवन, संघर्ष और उपलब्धियों पर प्रकाश डाला। गणित दिवस के अंतर्गत विद्यार्थियों की सृजनात्मक एवं विश्लेषणात्मक क्षमता के विकास हेतु विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया गया। प्रथम दिवस चित्रकला, निबंध एवं मॉडल प्रतियोगिता आयोजित की गई, जिसमें विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की।


**अंतिम दिन भाषण एवं रंगोली स्पर्धा हुई**-कार्यक्रम के द्वितीय दिवस रामानुजन के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलन एवं वीणा वादिनी की वंदना के पश्चात कार्यक्रम प्रारंभ हुआ। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में ओमप्रकाश पटेल, सहायक प्राध्यापक, शासकीय स्नातक महाविद्यालय शहपुरा एवं परमेश कुमार साकेत, सहायक प्राध्यापक, आदर्श महाविद्यालय शहपुरा उपस्थित रहे। उनकी उपस्थिति में क्विज प्रतियोगिता, भाषण एवं रंगोली प्रतियोगिता आयोजित की गई।

## एनसीसी में ज्योति ने जीता बेस्ट अवार्ड




**अमरपुर, नवभारत।** जिले के अमरपुर जनपद क्षेत्र ग्राम जलेगांव निवासी कुमारी ज्योति परस्ते द्वारा सरदार वल्लभ भाई पटेल विवि बालाघाट में कृषि संकाय में थर्ड ईयर की छात्रा हैं जिन्होंने एनसीसी में पूरे विश्वविद्यालय में बेस्ट अवार्ड का खिताब जीता है बतला दें कि ज्योति परस्ते शुरुआती समय से ही प्रतिभावान छात्रा रही है तो वही ज्योति की इस उपलब्धि से जिला गौरवान्वित हुआ है शुभचिंतकों सहित परिवार जनों के द्वारा ज्योति के उज्जवल भविष्य की कामना की है तो वही ज्योति की उपलब्धि पर शुभकामनाएं प्रेषित की जा रही है सम्मान समारोह में मुख्य अतिथियों सहित अन्य के द्वारा मंच से सम्मानित किया गया ज्योति परस्ते के द्वारा बतलाया गया कि आज उन्हें जो सम्मान मिला है वह शिक्षकों सहित एनसीसी के पदाधिकारी की मेहनत का ही परिणाम है जिसे अचीव करने पर कुमारी ज्योति ने आभार व्यक्त किया है एनसीसी केडिट दौरान प्राप्त हुए मार्गदर्शन में ज्योति ने उपलब्धि अर्जित की है ज्योति परस्ते उच्च शिक्षा ग्रहण कर आईएएस बनकर देश सेवा करना चाहती हैं।

## वरिष्ठ समाजसेवी फागूलाल सोनी का निधन



**शहपुरा।** शहपुरा नगर के वरिष्ठ समाजसेवी एवं भाजपा के वरिष्ठ कार्यकर्ता फागूलाल सोनी का गुरुवार की दोपहर निधन हो गया। उनके निधन की खबर फैलते ही नगर सहित आसपास के क्षेत्रों में शोक की लहर व्याप्त हो गई। श्री सोनी लंबे समय से सामाजिक, धार्मिक एवं जनसेवा के कार्यों में सक्रिय रूप से जुड़े रहे। उनके सामाजिक कार्यक्रमों, धार्मिक आयोजनों तथा जरूरतमंदों की सहायता में उनकी सक्रिय भूमिका सदैव स्मरणीय रहेगी। उनके निधन को नगर के लिए अपूरणीय क्षति माना जा रहा है। निधन की सूचना मिलते ही बड़ी संख्या में जनप्रतिनिधि, भाजपा कार्यकर्ता, समाजसेवी एवं नगरवासी उनके निवास पर पहुंचकर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित कर शोक संतप्त परिजनों को सांत्वना दी गई। स्वर्गीय फागूलाल सोनी का अंतिम संस्कार आज 26 दिसंबर को प्रातः 11 बजे मुक्तिधामए मॉडल रोड शहपुरा में संपन्न होगा।

## नाबालिग से दुष्कर्म के बाद जान से मारने की धमकी

**कोतवाली थाना में अपराध पंजीबद्ध, आरोपी फरार**

**नवभारत, उमरिया।** जिले के कोतवाली थाना क्षेत्र से एक गंभीर और संवेदनशील मामला सामने आया है। यहां एक नाबालिग के साथ जबरन दुष्कर्म कर उसे जान से मारने की धमकी देने का आरोप लगा है। पीड़िता की शिकायत पर पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है, हालांकि घटना के बाद से आरोपी फरार बताया जा रहा है।

पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार, पीड़िता ने कोतवाली थाना पहुंचकर शिकायत दर्ज कराई कि 23 दिसंबर को दोपहर के समय आरोपी ने उसके घर में घुसकर जबरन दुष्कर्म किया। घटना के दौरान आरोपी ने पीड़िता को जान से मारने की धमकी भी दी, जिससे वह भयभीत हो गई। घटना के बाद पीड़िता ने परिजनों को जानकारी दी, जिसके बाद मामले की शिकायत थाने में की गई। शिकायत के आधार पर कोतवाली थाना पुलिस ने अपराध क्रमांक 553/25 दर्ज किया। आरोपी के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता की धारा 64(1), 65(1), 351 (3) तथा पाक्सो एक्ट की धारा 3/4 के तहत प्रकरण पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया है। मामला नाबालिग से जुड़ा होने के कारण पुलिस इसे गंभीरता से ले रही है। कोतवाली थाना प्रभारी मदनलाल मरावी का कहना है कि आरोपी की गिरफ्तारी के लिए लगातार प्रयास किए जा रहे हैं। हालांकि खबर लिखे जाने तक आरोपी पुलिस की पकड़ से बाहर है। घटना के बाद क्षेत्र में लोगों के बीच आक्रोश और चिंता का माहौल देखा गया।कोतवाली थाना पुलिस का कहना है कि पीड़िता को हर संभव कानूनी सहायता और सुरक्षा उपलब्ध कराई जा रही है।

## औचित्यहीन नहर में शासन की राशि का हो रहा दुरुपयोग

**चिल्हारी, उमरिया।** जिले के मानपुर जनपद अंतर्गत ग्राम अमरपुर में भदार ब्यपबरतन डेम का निर्माण मप्र शासन जल संवर्धन विभाग द्वारा लगभग 22 करोड़ खर्च कर वर्ष 2017-18 मे किसानों की खेती एवं भलाई के लिए बनवाया गया था किन्तु विभागीय अधिकारियों कर्मचारियों की मिली भगत से उपरोक्त डेम की मेढ़ में पत्थर के ढोका लगाकर मेढ़ बनाई गई जो पहली बरसात में ही नीचे से पानी बहने लगा जिससे पूरा डेम खाली हो जाता था जिसे थिगड़े लगाकर दबाने का प्रयास किया गया किन्तु सफलता नहीं मिली। वहीं विभाग ने अपनी गल्ती छिपाने के लिए लाख कोशिशें की पर सफलता नहीं मिली तब किसानों द्वारा जिला कलेक्टर उमरिया से शिकायतें की गई। जांच हुई जिसमें मामला लेन देन में सिमट गया और जांच ठण्डे बस्ते बन्द हो गई।

अब दस साल के बाद पुनः उसी नहर का पन्द्रह फिट गहरी करण किया जा रहा है जो शासन के राशि का दुरपयोग है, क्योंकि जब डेम में पानी ही नहीं है तो नहर कैसे चलेगी, किसानों को खेत में पानी कैसे मिलेगा विचारणीय प्रश्न है जिला कलेक्टर से अपील है कि उपरोक्त जगह का स्थल निरीक्षण कर शासन की राशि का हो रहे दुरुपयोग पर अंकुश लगाया जाए।

## कंपनी के दर्जनों कर्मचारियों ने किया रक्तदान, सीएमएचओ ने की सराहना

**चिल्हारी, उमरिया।** जिले में संचालित बाबा महाकाल मिनरल्स लिमिटेड रेता कंपनी के माइनिंग कंसल्टेंट अभिषेक निगम के जन्म दिवस पर कंपनी कार्यालय में वृहद रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें दर्जनों कर्मचारियों सहित उपस्थित अन्य लोगों ने अपनी स्वेच्छा से रक्तदान कर जीवन दान का संदेश दिया। इस अवसर पर कंपनी में कार्यरत लगभग 55 कर्मचारियों एवं श्रमिकों ने स्वेच्छा से रक्तदान किया। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. वीएस चंदेल ने कार्यक्रम की सराहना करते हुए कहा कि यह पहली बार है जब किसी निजी संस्था के लोगों ने इतनी बड़ी संख्या मे रक्तदान किया है।

**विरोध** नाबालिगों को शराब देने का आरोप, कलेक्ट्रेट में सौंपा ज्ञापन, आंदोलन की चेतावनी

## डिंडौरी में अवैध शराब पर महिला कांग्रेस का हल्लाबोल



**डिंडौरी,नवभारत।** प्रतिबंधित क्षेत्रों में धड़ल्ले से हो रही अवैध शराब बिक्री और नाबालिगों को शराब उपलब्ध कराए जाने के गंभीर आरोपों को लेकर महिला कांग्रेस ने डिंडौरी में जोरदार विरोध प्रदर्शन किया। महिला कांग्रेस प्रदेश महासचिव संतोषी रामजी साहू के नेतृत्व में कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने कलेक्ट्रेट पहुंचकर मुख्यमंत्री के नाम तहसीलदार को ज्ञापन सौंपा।

संतोषी साहू ने कहा कि जिला मुख्यालय सहित प्रतिबंधित इलाकों में खुलेआम शराब बेची जा रही है, जो न केवल आबकारी अधिनियम का सीधा उल्लंघन है, बल्कि कानून-व्यवस्था के लिए भी बड़ा खतरा बन चुकी है। उन्होंने आबकारी विभाग और प्रशासन की भूमिका पर सवाल उठाते हुए अवैध कारोबार को संरक्षण मिलने की आशंका जताई।

### वायरल वीडियो से बढ़ा आक्रोश

महिला कांग्रेस ने नाबालिग बालिकाओं द्वारा शराब सेवन से जुड़े वायरल वीडियो और समाचारों को बेहद शर्मनाक और चिंताजनक बताया। साहू ने सवाल उठाया कि 18 वर्ष से कम उम्र की बालिकाओं तक शराब आखिर पहुंच कैसे रही है और जिम्मेदार कौन है। महिला कांग्रेस की प्रमुख मांगों में प्रतिबंधित क्षेत्रों में अवैध शराब बिक्री की तत्काल उच्चस्तरीय जांच, नाबालिगों को शराब देने वालों पर कठोर कानूनी कार्रवाई, दोषियों पर आबकारी अधिनियम की सख्त धाराएं लागू करने एवं भविष्य में ऐसी घटनाएं रोकने मजबूत निगरानी तंत्र की स्थापना की मांगें रहीं।

### कार्रवाई नहीं तो आंदोलन तेज

प्रदर्शन में बड़ी संख्या में महिला कांग्रेस और कांग्रेस कार्यकर्ता शामिल रहे। महिला कांग्रेस ने साफ चेतावनी दी कि यदि जल्द ठोस कार्रवाई नहीं हुई तो आंदोलन को और उग्र किया जाएगा। इस विरोध प्रदर्शन से जिले की राजनीति में गर्माहट बढ़ गई है और अब सभी की नजरें प्रशासन की अगली कार्रवाई पर टिकी हैं।